हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 6 जुलाई 2025

06 नगर पालिका क्षेत्र की ई-केवायसी में बड़ी...

09 नप कर्मियों की वरिष्ठता सूची जारी 49 कर्मचारी...




## श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा : गाजे-बाजे के साथ अखंड मंडलेश्वर धाम पहुंचे भगवान श्री जगन्नाथ

### श्रद्धालुओं ने रथ खींचा, दर्शन किए, रथ यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा का रथ यात्रा महोत्सव के दौरान शनिवार को भगवान जगन्नाथ डोंगरवाड़ा पहुंचे। विदित हो कि भगवान 27 जून से गुंडिचा भवन में विराजमान थे। भगवान प्रातः गुंडीचा भवन से अखंड मंडलेश्वर धाम के लिए रवाना हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथ यात्रा में सम्मिलित हुए और धर्म लाभ अर्जित किया। भगवान की रथ यात्रा मालाखेड़ी चौराहा, बड़ चौराहा, कलेक्टर बंगला के सामने, कोठी बाजार, विवेकानंद घाट, भोपाल चौराहा, रसूलिया, एसपीएम, फेफरताल होते हुए डोंगरवाड़ा पहुंची। इस दौरान मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की पूजन अर्चना की और यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत भी किया।

### अखाड़े का प्रदर्शन

रथ यात्रा में मालखेड़ी के बजरंग अखाड़ा के युवकों ने हैरत अंगेज प्रदर्शन कर लोगों को आश्चर्यचकित कर दिया। अखाड़े के युवक उस्ताद बल्ली यादव के नेतृत्व में यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में रथ पर ठाकुर राजा डॉक्टर आशुतोष शर्मा, आचार्य रश्मि रंजन पानी, बाबाजी प्रसाद दास उपस्थित रहे।

## डिप्टी कलेक्टर ने शनिवार को जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

# जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था पर नाराज हुईं राठौर, दिए सुधार के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शनिवार प्रातः डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर द्वारा जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम का औचक निरीक्षण किया गया। इसदौरान उन्होंने आवश्यक भी दिए।

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार शनिवार प्रातः डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबीता राठौर द्वारा जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में तैनात विशेषज्ञ डॉक्टरों, स्टाफ नर्सिंग ऑफिसर्स सहित अन्य स्टाफ की उपस्थिति एवं कार्यों की समीक्षा की गई।

निरीक्षण में सेवा स्थल पर अनुपस्थित पाए गए अधिकारी एवं कर्मचारियों को डॉ. राठौर ने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आमजनों को आ रही समस्याओं का भी जायज़ा लिया गया। अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।






### दिए निर्देश

#### धूम्रपान करने पर लगाया जुर्माना

निरीक्षण के दौरान डॉ. राठौर ने कोटपा एक्ट के तहत अस्पताल परिसर में धूम्रपान, तम्बाकू सेवन अथवा थूकने पर 200 रुपए का जुर्माना लगाने की कार्यवाही के सख्त निर्देश भी दिए।

#### यह रहे उपस्थित

इस दौरान पर सिविल सर्जन डॉ. सुनीता कमले, आरएमओ डॉ. गजेंद्र यादव, सहायक प्रबंध रोशनी प्रजापति एवं मैटर्न पम्मी राव उपस्थित रहीं।

### डिप्टी कलेक्टर राठौर ने जाना मरीजों का हाल, सुनी उनकी समस्याएं

डिप्टी कलेक्टर ने समस्त वार्डों में भर्ती मरीजों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना एवं सभी मरीजों को साफ-सुथरी चादरें एवं गद्दे उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महिला चिकित्सा विभाग में भर्ती एक बुजुर्ग महिला से बातचीत कर उनकी समस्या सुनने के बाद मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सतीश तिवारी को निर्देशित किया गया कि वे महिला का समुचित परीक्षण कर संपूर्ण उपचार सुनिश्चित करें।

## मूंग उपार्जन को लेकर राकिसं ने कलेक्टर से की चर्चा, बोले 12 क्विंटल प्रति हेक्टेयर खरीदे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम




मूंग उपार्जन को लेकर कलेक्टर सोनिया मीणा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ की बैठक संबंधित सभी अधिकारियों के साथ आज संपन्न हुई जिसमें प्रति हेक्टेयर 12 क्विंटल मूंग न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी जिसमें एक किसान से मात्र 100 क्विंटल मूंग खरीदी जाएगी। प्रथम दिन 40 क्विंटल, दूसरे दिन 40 क्विंटल तीसरे दिन 20 कुंटल इस प्रकार से तीनदिन में 100 क्विंटल का तीन बार में बिल बनवा सकेंगे। मूंग एफएक्यू ही खरीदी जावेगी। सभी किसान अपने घर से अपनी मूंग को साफ करके लावे एवं एक दिन में मात्र 40 क्विंटल ही लावे अन्यथा आपकी मूंग ढेर लगाकर वेयरहाउस में राखी रहेगी जिसकी गारंटी आप स्वयं की होगी। बैठक में राकिसं के पदाधिकारी प्रदेश मंत्री रमाकांत मीणा प्रदेश अध्यक्ष महिला बिंग गीता मीणा जिला अध्यक्ष शिवराज राजोरिया ब्लॉक अध्यक्ष नरेंद्र, जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह रघुवंशी आदि मौजूद थे।

### जिले में मानसून सक्रिय 6.4 मिमी वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में शनिवार को बारिश जारी रही। वहीं तापामान में भी गिरावट दर्ज की गई। शनिवार तापमान 26.5 अधिकतम दर्ज किया गया। बारिश 6.4 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## मोहर्रम पर्व पर नगर में हुआ हुसैनी लंगर का आयोजन

**नर्मदापुरम।** नगर में मोहर्रम पर अनेकों आयोजन हो रहे हैं। इसी क्रम मे शनिवार को आज़ाद कमेटी ने बड़ी सवारी के पास शाही हुसैनी लंगर का आयोजन किया। कमेटी के अध्यक्ष गुलाम मुस्तफ़ा ने बताया कि सभी सदस्य बहुत अक़ीदत और मोहब्बत से इस शाही लंगर को बनाते है सारे अनाजो को सम्मलित कर इसे तैयार किया जाता है, इसलिए इसे खिचड़ा कहते है। शुक्रवार की रात 8 बजे से इसे बनाने की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। 24 घंटे की बनने की अवधि पश्चात शनिवार शाम 8 बजे बड़ी सवारी के पास इसका भव्य वितरण होगा। जिसमे नगर के कोने कोने और आसपास से आये लोगो ने इसमे शामिल होकर धर्मलाभ अर्जित करेंगे। इस पारम्परिक लंगर की मोहर्रम पर्व पर अलग ही महत्ता है और सदियों से मौला इमाम हुसैन पर आस्था रखने वाले सभी जात धर्म और संगठन के अनुयायी इसका आयोजन करते है। कार्यक्रम मे कमेटी के मोहम्मद शाकिर, फैज़ान उल हक़, गुलाम हैदर, सय्यद फारुख अली, मो जावेद, महताब ताजी, गुलाम हुसैन, फैज़ान खान, मोहम्मद आमिर, गुलाम अली, पंकज नामदेव, मोहम्मद उमर, नूर मुहम्मद, राजिक मस्तान, जाबिर, गुलाम मुहम्मद, शिवम साहू, गुलशेर, परवेज़ फ़ाज़ली आदि उपस्थित रहे।



### श्री समर्पण श्री संस्था का विरोध प्रदर्शन जारी

## नगर प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए नर्मदाअष्टक का पाठ किया और मां नर्मदा को 8 सूत्री मांग का ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



जैसा कि श्री समर्पण श्री संस्था जनहित करी मुद्दों पर लगातार कुछ महीनो से नगर पालिका प्रशासन को अपनी मांगों को लेकर अड़ा हुआ है यह वह मांग है जिसमें नगर के समस्त नागरिकों को सुख सुविधा उपलब्ध हो लगातार ज्ञापन और आंदोलन के माध्यम से संस्था अपनी मांगों को लेकर नगर प्रशासन को अवगत कराता रहा है इसके बावजूद भी नगर प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही है इसी आंदोलन के क्रम में श्री समर्पण श्री संस्था ने मां जीवन दायिनी जिसके नाम पर हमारा नगर का भी नाम है उनका सहारा लिया और संस्था के सदस्यों ने मिलकर पहले मां नर्मदा का पूजन किया इसके बाद नर्मदाअष्टक का पाठ किया और अपनी 8 सूत्री मांगों को लेकर मां को ज्ञापन सौंपा और प्रार्थना की कि है मां आप नगर प्रशासन के समस्त अधिकारियों को सद्बुद्धि प्रदान करें, आपके अंदर प्रवाहित होने वाला गंदा नाला जल्द बंद हो। हमारी आपसे यह प्रार्थना है प्रार्थना की यह मांगे जो नगर के मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी है इसके लिए आप जिम्मेदार अधिकारियों को सद्बुद्धि प्रदान करें ताकि नगर में शुभ सुविधा का अनुभव हो सके। ताकि उन पदों पर बैठने वाले अधिकारी नगर की भोली भाली जनता की सुख सुविधाओं पर ध्यान दे सके और उन्हें सुख का अनुभव कर सके।

इस दौरान आचार्य पं. श्री सुरेश, कमल किशोर, अंकित बिल्लोरे, स्वदेश सैनी, राज खिल्लारे, विशाल चावरिया, आकाश सोनी,संदीप खिल्लारे, अनुज सोनी, पियूष मीना, रजत रामहरिया आदि मोजूद रहे।

### भजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल आज आएंगे

**नर्मदापुरम।** नव निर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल रविवार को नर्मदापुरम के प्रवास पर रहेंगे। वे सुबह 7.30 बजे भोपाल में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के उपलक्ष्य में माल्यार्पण कर नर्मदापुरम के लिए रवाना होंगे। वे सुबह 9 बजे नर्मदापुरम पहुंचकर मां नर्मदा का पूजन कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। विदित हो कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के रूप में खण्डेलवाल का यह प्रथम नर्मदापुरम आगमन है। उनके इस आगमन को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्षों ने आगवानी की तैयारी की है।









### जिले में 72.63 प्रतिशत ई-केवायसी का काम पूरा, जिम्मेदारों की मनमानी या अनदेखी

# नगर पालिका क्षेत्र की ई-केवायसी में बड़ी गड़बड़ी, लोगों ने बना डाली डुप्लीकेट आईडी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में नगरपालिका द्वारा समग्र आईडी को आधार से लिंक करने यानि ई-केवायसी का काम जारी है। इस दौरान बड़ी गड़बड़ी सामने आ रही है। ईकेवायसी करने के दौरान कई लोग तो ऐसे है, जिनकी दो-दो और तीन-तीन समग्र आईडी बनी हुई है, इनकी संख्या बैतूल शहर में ही करीब 19 से 20 हजार है।

बता दे कि प्रदेश में शासन की योजनाओं का लाभ समग्र आईडी के आधार पर दिया जाता है। साथ ही यह भी तय किया जाता है कि एक समग्र आइडी पर एक व्यक्ति को एक ही योजना का लाभ मिले। जांच में कई ऐसे लोग पाए गए हैं, जो एक से अधिक आईडी बनवा कर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे थे। इन पर रोक लगाने समग्र से आधार कार्ड को लिंक कराने ईकेवायसी का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें यह गड़बड़ी सामने आई है कि कई लोगों ने अपनी दो-दो समग्र आईडी बना रखी है और इन समग्र आईडी के आधार पर शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे है। ऐसे लोगों की ईकेवायसी के बाद सूची शासन को भेजी जायेगी।

#### जनसंख्या 1. 46 लाख, 1.56 लाख की बनी आईडी

वर्ष 2024 में बैतूल शहर की अनुमानित जनसंख्या 1 लाख 46 हजार के लगभग बताई जाती हैं, लेकिन समग्र आईडी 1 लाख 56 हजार लोगों की बनाई गई हैं। डुप्लीकेट समग्र आईडी अधिक होने के चलते ईकेवायसी का अभियान चलाया जा रहा है। जिससे कई लोगों की डुप्लीकेट आईडी बंद हो गई है। बताया गया कि बैतूल शहर में डुप्लीकेट समग्र आईडी करीब 19 से 20 हजार है। ऐसे में डुप्लीकेट समग्र आईडी को हटाए जाने के लिए ही सरकार द्वारा समग्र को आधार से लिंक कराए जाने के लिए ईकेवायसी कराई जा रही है। जिससे लोग समग्र आईडी से अब अलग-अलग योजनाओं का लाभ नहीं ले सकेंगे।

#### सिर्फ एक ही आईडी आधार से कर रहे लिंक

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ईकेवायसी का काम चल रहा है। जिसमें समग्र आईडी को आधार से लिंक किया जा रहा है। अब तक दसों नगरपालिकाओं और जनपद पंचायत अंतर्गत ईकेवायसी का काम लगभग 72 फीसदी पूरा हो चुका है। बताया गया कि शहरी क्षेत्र बैतूल में करीब 65 59.86 फीसदी ईकेवायसी का काम पूरा कर लिया गया है। इस दौरान जो डुप्लीकेट आईडी आ रही हैं, उनमें से सिर्फ एक आईडी को ही आधार से लिंक किया जा रहा है। जबकि डुप्लीकेट आईडी को आधार से लिंक नहीं किया जा रहा है।

#### सरकार की योजनाओं का गलत लाभ

प्रदेश में शासन की योजनाओं का लाभ समग्र आईडी के आधार पर दिया जाता है। लेकिन कई लोग डुप्लीकेट समग्र आईडी से प्रदेश सरकार की अलग-अलग योजनाओं का गलत तरीके से लाभ ले रहे थे। कई लोग ऐसे हैं जो कि डुप्लीकेट आईडी के जरिए 4 योजनाओं तक का लाभ ले रहे हैं। जबकि एक आईडी पर एक ही योजना का लाभ देने का नियम है। मामले पर नगरपालिका सीएमओ का कहना है कि ईकेवायसी अभियान के दौरान एक व्यक्ति के दो या उससे अधिक डुप्लीकेट आईडी होने सामने आई हैं। सर्वे के बाद शासन स्तर पर डुप्लीकेट आईडी की सूची भेजी जाएगी। इसके बाद डुप्लीकेट आईडी हटाने का काम किया जाएगा। जिसमें सिर्फ एक ही आईडी शेष रहेगी।

| निकाय | समग्र सदस्य | ईकेवायसी |
|---|---|---|
| नपा बैतूल | 156889 | 93919 |
| नपा सारणी | 87189 | 49409 |
| नप चिचोली | 9653 | 9237 |
| नप बैतूल बाजार | 11244 | 10713 |
| नप आठनेर | 12662 | 12041 |
| नपा मुलताई | 29087 | 25833 |
| नप भैंसदेही | 12207 | 10713 |
| नप घोड़ाडोंगरी | 11389 | 8695 |
| नप शाहपुर | 10786 | 8196 |
| नपा आमला | 30180 | 22062 |

(नोट - उक्त आंकड़े प्राप्त जानकारी अनुसार)

#### इनका कहना है

ईकेवायसी अभियान के दौरान कई लोगों के पास दो से तीन डुप्लीकेट समग्र आईडी होना सामने आया है। सिर्फ एक आईडी को ही आधार से लिंक किया जा रहा है। ईकेवायसी पूरी होने के बाद डुप्लीकेट आईडी की सूची बनाकर शासन को भेज दी जाएगी। जिन्हें शासन स्तर से हटाया जाएगा।

**- सतीश मटसेनिया,** सीएमओ नगरपालिका बैतूल

### प्रथम नगर आगमन पर अभूतपूर्व तैयारी

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के ऐतिहासिक स्वागत में जुटे समाज और संगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल के लोकप्रिय विधायक हेमंत विजय खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर निर्विरोध निर्वाचन के बाद प्रथम नगर आगमन को लेकर आम जन में उत्साह का माहौल है समाज और संगठन मिलकर अपने लाडले विधायक के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी में जुटे हुए है। इसी कड़ी में आज बैतूल जिले की सीमा धार से विभिन्न समाज और संगठन स्वागत करेगें। इसी कड़ी में हेमंत खंडेलवाल का स्वागत भौरा बस स्टैंड, शाहपुर कालेज के सामने, बरेठा, पाढर, भारत भारती, सोनाघाटी, राजा भोज मार्ग, मरामझिरी जोड, अवस्थी गोदाम, थाना चौक कोठीबाजार, लल्ली चौक, बस स्टैंड, मुल्लाजी पेट्रोल पंप, शिवाजी चौक, एसपी ऑफिस चौराहा, टांगा स्टैंड, दिलबहार चौक, कांतिशिवा चौक, भगतसिंह चौराहा होते हुए भाजपा कार्यालय पहुंचेगे] जहां स्वागत समारोह संपन्न होगा।

भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजू पवार ने बताया कि राजा भोज मार्ग अनुराग टेंट हाउस के सामने दोपहर 2 बजे नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया जायेगा। प्रापर्टी एसोसिएशन के संदीप सोनी एवं अनिल खवसे ने बताया कि गंज कन्या शाला के सामने दोपहर 2.30 बजे नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत किया जायेगा। इसी कड़ी में व्यापारी संघ बैतूल गंज के दीपक दीपू सलूजा एवं कुशकुंज अरोरा ने बताया कि समस्त व्यापारी बंधुगण जिला बैतूल के द्वारा दोपहर 3 बजे दिलबहार चौक बैतूल गंज पर नव नियुक्त प्रदेशाध्यक्ष भाजपा का स्वागत किया जाएगा।

## कॉलेज में हुआ तीन दिवसीय विद्यार्थी प्रेरक दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ




**शाहपुर।** शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ नव प्रवेशित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नितिन मेहतो ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के दूरदराज गांव से आने वाले विद्यार्थियों के लिए इस महाविद्यालय में शासन के द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं का संचालन किया जाता है। विद्यार्थी अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में इन योजनाओं का लाभ लेकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर सचिन कुमार नागले नें विद्यार्थियों से कहा कि अपने जीवन का एक लक्ष्य बनाएं और आगामी 5 वर्षों में वह क्या बनना चाहते हैं उसके सपने देखे इन सपनों को पूरा करने का प्रयास करें कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रोफेसर नीतू जायसवाल माहोरे ने कहा कि 80 प्रतिशत से अधिक छात्राएं अध्यनरत है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक है। विशेष कर छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त कर जीवन में आगे बढने के प्रयास करने चाहिए। दीक्षारम्भ कार्यक्रम प्रभारी डॉ. राकेश हनोते ने बताया कि विद्यार्थियों को महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का परिचय, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में डीके रोडगे एवं प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी विस्तार पूर्वक प्रदान की गई।

आगामी दिवसों में विद्यार्थियों को विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं, क्रीडा गतिविधियों, पुस्तकालय विभाग, सांस्कृतिक साहित्यिक गतिविधियों, प्रयोगशालाओं आदि से संबंधित छात्रोपयोगी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएगी।

## मजदूर विरोधी श्रम कानूनों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान, पहले दिन गेट मीटिंग




**सारणी।** वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड पाथाखेड़ा क्षेत्र में राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने संयुक्त मोर्चा ने शुक्रवार से कोयला खदानों पर द्वार सभा शुरू कर दी है। पहले दिन सभी खदानों और रीजनल वर्कशॉप पर संयुक्त मोर्चा के नेताओं द्वारा द्वार सभा कर साथी कामगारों को मजदूर विरोधी श्रम कानून से अवगत कराया और राष्ट्रव्यापी हड़ताल करने मजदूर संगठनों को क्यों मजबूर होना पड़ रहा है। इस विषय पर बारीकी से जानकारी दी। संयुक्त मोर्चा के नेता संजय सिंह ने बताया शुक्रवार को हड़ताल के मुद्दे को लेकर स्थानीय प्रबंधन के साथ बैठक हुई है। जिसमें एच एम एस, एटक, सीटू और इंटक नेता मौजूद रहे। बैठक में श्रम संगठन के नेताओं ने प्रबंधन को जन जागरण कार्यक्रम की जानकारी दी। संगठनों की मांग है कि मजदूर विरोधी श्रम कानून को रद्द किया जाए, सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों का निजीकरण बंद किया जाए, न्यूनतम मजदूरी 26000 रुपए की जाए, पुरानी पेंशन स्कीम लागू की जाए, ठेकेदारी प्रथा बंद की जाए, राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी घोषित की जाए, महंगाई पर रोक लगाई जाए, खाली पदों पर नियुक्ति की जाए, बेरोजगारों को नौकरी दी जाए और निशुल्क शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधा महिया कराई जाए जैसी मांगे शामिल है। 4 जुलाई को पाथाखेड़ा क्षेत्र की तीनों भूमिगत कोयला खदानों और रीजनल वर्कशॉप में संयुक्त मोर्चा द्वारा गेट मीटिंग की गई। संयुक्त मोर्चा से प्राप्त जानकारी के अनुसार गेट मीटिंग तीनों पाली में की जा रही है। गेट मीटिंग का मुख्य उद्देश्य कामगारों को हड़ताल के प्रमुख बिंदुओ की जानकारी देना है। इसीलिए सभी खदानों पर 8 जुलाई तक तीनों पाली में गेट मीटिंग जारी रहेगी। गौरतलब है कि गेट मीटिंग से कोयला उत्पादन प्रभावित होता है। पाथाखेड़ा क्षेत्र में फिलहाल तीन कोयला खदानें हैं। जिसमें तवा वन, तवा टू और छतरपुर वन खदान शामिल है। इसके अलावा रीजनल वर्कशॉप यानी कि क्षेत्रीय कर्मशाला में भी गेट मीटिंग का दौर जारी है।

## जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बैतूल।** मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन ने आज कलेक्टर बैतूल नरेंद्र सूर्यवंशी को अपनी मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में कलेक्टर से मांग की गई है कि जिला अस्पताल में कार्य के दौरान अस्पताल के वार्डों, ओपीडी और इमरजेंसी कक्ष (कैजुअल्टी रूम) आदि में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश के लिए जिला अस्पताल के सिविल सर्जन कार्यालय से पहले अनुमति ली जाए या किसी मरीज से संबंधित जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकृत मीडिया प्रभारी से बात की जावे, ताकि मरीजों के इलाज के दौरान अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ को कोई बाधा न आए और मरीजों को शीघ्र एवं बेहतर उपचार समय पर मिल सके।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

B.ED.प्रवेश तृतीय चरण

बी. आर. अंबेडकर कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बैतूल

द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्र/छात्राओं को बहुत-बहुत बधाई/स्वागत। दि. 26 जून 2025 से 30/06/2025 तक आवंटित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेजों का सत्यापन कर दि. 26/06/2025 से 01/07/2025 तक निर्धारित शुल्क आनलाईन जमा कर प्रवेश निश्चित करें तथा कालेज आकर प्रवेश फार्म भरे। शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें, तृतीय चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 25 जून 2025 से 30 जून 2025 तक करावें। आनलाईन दस्तावेजो का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 26 जून 2025 से 01 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 05 जुलाई 2025 से 10 जुलाई 2025 तक। प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड - BED823) ही लिखें। रिजल्ट - 20 वर्षो से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क - 9302846996, 9300974327, 9826231552, 9111788845

संकलन - प्रचार पब्लिसिटी, संजय द्विवेदी ब्यूरोचीफ, जिला बैतूल












## रगवी प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों चयनित

**पिपरिया।** जूनियर नेशनल रग्बी 7 साइड प्रतियोगिता 8 जुलाई से 13 जुलाई तक देहरादून में आयोजित की जाएगी जिसमें नर्मदा पुरम जिले के बालक वर्ग में पिपरिया के अमित मालवीय एवं बालिका वर्ग में सोहागपुर से शिवानी सराठे भारतीय राय वैशाली कुशवाहा का चयन मध्य प्रदेश टीम में किया गया है। सचिन पुरबिया ने बताया कि 16 से 18 जून तक देवास में आयोजित शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया है खिलाड़ी संदीप ने विद्यालय खेल मैदान पर निर्मित अभ्यास करते हैं कोच के मार्गदर्शन में वरिष्ठ कीड़ा अधिकारी खेल युवा कल्याण उमा पटेल वंदना रघुवंशी सहित संजीव दुबे प्राचार्य के नेतृत्व में यह कार्य सफल हुआ है।

## पुलिस ने बरामद की रायसेन की नाबालिग

**सोहागपुर।** सोहागपुर पुलिस ने रायसेन जिले की नाबालिग बालिका की गुमशुदगी के मामले में कार्यवाही कर बालिका को दस्तयाब किया है। आरोपी को भी हिरासत में लिया है। मामले में गुरुवार शाम सोहागपुर थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर ने प्रेसनोट जारी किया है। प्रेसनोट के अनुसार एसपी डॉ. गुरुकरण सिंह व सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई।

### राज्य शासन ने मांगी सूची, मिलेगा वरिष्ठता क्रमानुसार पदोन्नति लाभ

# नप कर्मियों की वरिष्ठता सूची जारी 49 कर्मचारी पदोन्नति की प्रतीक्षा में

क्रमोन्नति प्रक्रिया शुरू होने वाली है। जिसके लिए संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग नगर निकायों से निकायकर्मियों की वरिष्ठता सूची प्राप्त कर रहा है। शुक्रवार को नप कर्मचारियों ने सर्वप्रथम सूची का लेखन कार्य किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र में नगर निकायकर्मियों की क्रमोन्नति प्रक्रिया शुरू होने वाली है। जिसके लिए संचालनालय नगरीय प्रशासन विभाग नगर निकायों से निकायकर्मियों की वरिष्ठता सूची प्राप्त कर रहा है।

सोहागपुर नगर परिषद में भी सभी नियमित कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची प्राप्त की जा रही है। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को संबंधित शाखा के कर्मचारियों ने सर्वप्रथम सूची का लेखन कार्य किया। इसके बाद नियमित कर्मचारियों को क्रमशः वरिष्ठता सूची अनुसार प्रपत्र सौंपकर पावती पर हस्ताक्षर लिए गए हैं। सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास मप्र भोपाल आयुक्त संकेत भोंडवे ने 28 जून 2025 को नगर पालिका व निगम आयुक्तों, नगरीय प्रशासन एवं विकास संभागीय संयुक्त संचालक व सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को पत्र प्रेषित किए हैं।

**पत्र का मसौदा**

संकेत भोंडवे के पत्र में उल्लेख है कि मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 के अंतर्गत नगर निकाय कर्मियों की वरिष्ठता सूची दी जाए। पत्र में उल्लेख है कि सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश राज्य पत्र में 19 जून 2025 को प्रकाशित मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 से प्रदेश में कर्मचारियों के पदोन्नति संबंधी नियम जारी किए गए हैं।

जिसके अंतर्गत राज्य स्तरीय संवर्गों, नगर पालिका निगम सेवा संवर्ग, नगर पालिका व नगर परिषद अंतर्गत निर्धारित संवर्गों में नियमित कर्मचारियों की पदोन्नति की जानी है। उक्त पत्र के पालनार्थ सोहागपुर नगर परिषद में भी नियमित कर्मचारियों की वरिष्ठता की सूची प्रदान की गई है। नप कार्यालय सोहागपुर से प्राप्त जानकारी अनुसार निकाय के 49 नियमित कर्मचारी पदोन्नति की प्रतीक्षा सूची में शामिल हैं।

## प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 13 को

### यूपी कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

चौरिया कुर्मी महासभा और पटेल समाज द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 13 जुलाई (रविवार) को नर्मदापुरम जिले के इटारसी में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 170 होनहार छात्र-छात्राओं को उनके शैक्षणिक और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन साई कृष्णा रिसोर्ट, पेट्रोल पंप के पास (खेड़ा), इटारसी में सुबह 11 बजे से शुरू होगा।अपना दल (एस) राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्य प्रदेश प्रभारी आर बी सिंह ने बताया कि इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पटेल अपना दल (एस) की नीतियों और विचारधारा पर प्रकाश डालेंगे। वे समाज के उत्थान और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए आम जनमानस से अपना दल (एस) से जुड़ने का आह्वान करेंगे। यह समारोह न केवल प्रतिभाओं को सम्मानित करने का मंच होगा, बल्कि सामाजिक एकता और राजनीतिक जागरूकता को बढ़ावा देने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

कार्यक्रम में चौरिया कुर्मी महासभा के अध्यक्ष नवीन पटेल, अपना दल (एस) राष्ट्रीय महासचिव 'युवा मंच' डॉ. अखिलेश पटेल, और राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं प्रदेशभर से अपना दल (एस) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के भी इस कार्यक्रम में पहुँचने की उम्मीद की जा रही है।

## सोहागपुर में दिया आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग प्रतिमाह आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों का वजन व ऊंचाई नापने का प्रशिक्षण देता है। इस क्रम में शनिवार को सोहागपुर में 203 कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग सोहागपुर परियोजना अधिकारी जसिंता तिग्गा ने बताया कि शहर में शनिवार को प्रशिक्षण दो चरण में दिया गया। प्रथम चरण में शहर सोहागपुर व ग्रामीण सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। दोपहर की पाली में भी दो अन्य सेक्टर की कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

तिग्गा ने बताया कि ब्लॉक मुख्यालय के अलावा सेमरी हरचंद तथा शोभापुर में भी दो-दो सेक्टर की कार्यकर्ताओं को केंद्रों में आने वाले बच्चों के वजन तथा शरीर की ऊंचाई व कलाई की मोटाई आदि के नापने का प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार के दिन सोहागपुर ब्लॉक के आठ सेक्टर्स की 203 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न हुआ है।

## हॉकी नर्मदापुरम का किया गठन, सरोज बने उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



हॉकी मध्यप्रदेश से संबद्ध हॉकी नर्मदापुरम का गठन किया गया है। संगठन में राजेन्द्र तोमर अध्यक्ष व साजिद मलिक को सचिव बनाए गए हैं।

कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंह सैनी बनाए गए हैं। हॉकी नर्मदापुरम की कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष अश्वनी वर्मा नर्मदापुरम, इदरीश खान इटारसी, अश्वनी सरोज सोहागपुर, अजय अल्वर्ट इटारसी, सह सचिव अजीत राजपूत नर्मदापुरम, सह कोषाध्यक्ष राजेश पंडित इटारसी और प्रवक्ता सुधांशु मिश्रा इटारसी को नियुक्त किया गया है। सोहागपुर से अश्विनी सरोज को उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के खिलाड़ियों, परिचितों, परिजनों व शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. अरविंद सिंह चौहान खेल अकादमी की ओर से भी अश्विनी सरोज को नियुक्ति पर बधाई दी गई है। हरिभूमि से चर्चा में नर्मदापुरम हॉकी संगठन के उपाध्यक्ष अश्विनी सरोज ने कहा कि सोहागपुर क्षेत्र को हॉकी की नर्सरी के नाम से जाना जाता है। एवं वे नए खिलाड़ियों के उद्भव एवं उनकी खेल कुशलता बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्न करेंगे।

## अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर केसला पोल्ट्री समिति की महिलाओं ने संगोष्ठी की, विशाल रैली भी निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

संगोष्ठी कार्यक्रम समिति अध्यक्ष कुंती धुर्वे की उपस्थिति में शनिवार को आदिवासी विकासखंड केसला के ग्राम सुखतवा में स्थित केसला पोल्ट्री समिति के मुख्यालय पर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया।

अध्यक्ष धुर्वे ने बताया कि 1 ज से 6 जुलाई तक अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रुप में मनाया जा रहा है। यह सहकारी संस्थाओं के महत्व, उनकी उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को रेखांकित करने के लिए समर्पित होता है। सहकारिता का सिद्धांत यह है कि लोग मिलकर काम करें, साझा हितों के लिए एक-दूसरे का सहयोग करें




और समान रूप से लाभ प्राप्त करें। आयोजन उपरांत समिति की महिलाओं द्वारा पैदल रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी वहीं पुरुषों द्वारा बाइक रैली निकालकर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाया गया। ज्ञात हो कि केसला पोल्ट्री समिति को प्रधानमंत्री सम्मानित कर चुके हैं। केसला आदिवासी विकासखंड में बिचौलियों एवं रेत और जंगल माफियाओं से मुक्ति की दिशा में केसला पोल्ट्री समिति की महिलाओं ने लंबा संघर्ष करके स्वावलंबी जीवन प्रारंभ किया। मुर्गी पालन के क्षेत्र में देश में महत्वपूर्ण संस्थानों में केसला पोल्ट्री समिति की गिनती होती है।

सहकारिता वर्ष के अवसर पर महिलाओं ने संगोष्ठी में स्वावलंबी जीवन पर विचार रखें एवं बताया कि उन्होंने किस तरह यह सफर पूरा किया। सहकारिता वर्ष के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्रीमती शांति बाई, प्रबंधक डॉ धुर्वा ज्योति ओझा, डॉ सरप्रीत सिंह ढिल्लों, सुरेश गढ़वाल, राहुल चौरे, महेश आर्य,बअर्जुन मास्कुले, संतोष उइके सहित बोर्ड सदस्य ग्राम सुपरवाइजर एवं स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

## केसला खुर्द के पास मिला युवक का शव

**इटारसी।** रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम केसलाखुर्द के पास एक युवक का शव मिला है। युवक के शरीर पर चोट के निशान होने से हत्या की आशंका जतायी जा रही है। मृतक की पहचान केसला खुर्द निवासी विजय यादव के रूप में हुई है। थाना प्रभारी विपिन पाल के अनुसार बीती रात करीब 10 बजे युवक का शव सड़क किनारे गंभीर हालत में मिला। उसके पीठ और पेट पर लाठी के निशान थे। मृतक के भाई अजय यादव उसे रामपुर थाने लेकर आए। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल इटारसी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।इटारसी रेस्टोरेंट पुलिस के अनुसार विजय को शराब पीने की आदत थी और नशे में वह अक्सर विवाद भी करता था। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जतायी है। पुलिस के अनुसार पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

## बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को रोकने लोगों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



नगर में अपराधियोंकी संख्या बढ़तीहीजारही है। तथा अपराध भी प्रतिदिन होते जा रहे हैं। पुलिस-प्रशासन के द्वारा लगातार एफआईआर दर्ज भी की जा रही है। स्टेशन रोड थाना प्रभारी विजय सनस ने बताया कि प्रथम घटना स्टेशन रोड क्षेत्र के अंतर्गत राघवमेडिकल संचालक रोहित रिछारिया के साथ घटित हुई है । जिसमें अपराध नंबर 235/2025 दर्ज कर लिया गया है। मामले में मुख्य आरोपियों में मलखान रघुवंशी सौरभ रघुवंशी शेखर रघुवंशी पियूष रघुवंशी के विरूद्ध कार्यवाही की है इस विषय पर सर्व ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा सहित समाज के सभी लोगों ने तथा दवाईयां मेडिकल एसोसिएशन के द्वारा तथा स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन के पदाधिकारी के दारा पुलिस अनु विभागीय अधिकारी मोहितयादव को ज्ञापन सोपा गया मंगलवारथाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी भी उपस्थित रहे। ज्ञापनकेदौरान राघव की वहनमांपिता भाई रिस्तेदार भी उपस्थित रहे। दूसरी घटना ओम शांति हुई तोड़फोड़ एवं मारपीट की पुलिस ने अपराध क्रमांक 236/25 दर्ज किया गया है। आरोपी मोंटी ठाकुर पिता बंटी ठाकुर शुभम पिता बंटी ठाकुर राजीव गांधी वार्ड पर 2लोगो को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मामले कीजांच कर रही है।

## समिति में किए जा रहे गलत पंजीयन से किसान परेशान

### मूंग खरीदी के लिए पंजीयन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

किसान ग्राम पंचायत खैरी कला से दीपक चौरसिया ओबीसी वर्ग किसान डीसीबी बैंक के खाता नंबर का पंजीयन दिनांक 7 मार्च 2025 को किया गया है जबकि उक्त खाता पूजा वैस एवं दूसरा खाता ग्राम पंचायत टेक पर के जितेंद्र राय का है तीसरा खाता भी जितेंद्र राय का है। का पंजीयन कृषक सेवा सहकारी समिति सांडिया एवं सेमरी तला में किया गया है।

जबकि किसान मटकुली के पास ठेका पर पंचायत के निवासी हैं वहीं पर उनके खेत में मूंग लगी हुई है लेकिन पंजीयन ग्राम पंचायत सांडिया के कृषक सेवा सहकारी समिति में किया गया है उक्त किसान से जितेंद्र राय ने बात की तो उन्होंने कहा कि मेरे पास मात्र चार एकड़ जमीन है उनके द्वारा कोई पंजीयन नहीं कराया गया है इस पर जितेंद्र राय का कहना है कि समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर के द्वारा इस तरह के फर्जी पंजीयन करके किसानों को परेशान किया जा रहा है तथा मूंग में गोलमाल करने की संभावना जताई जा रही है।

इस तरह से अन्य जगह भी पंजीयन में गड़बड़ी पाई जा सकती है किसान के द्वारा बताया गया कि उनके 20 एकड़ खेत में मूंग लगी है लेकिन पटवारी के द्वारा अभी तक रिकॉर्ड में दिखाई नहीं गया है चढ़ाया नहीं गया है इस तरह से कई गड़बड़ियों की जा रही है जिसमें किसान जितेंद्र राय के द्वारा सेवा सहकारी समिति पर गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने की बात कही है।

## नगर की कॉलोनी में चोरों ने बोला धावा 6 घरों में किया चोरी का प्रयास, कुछ में सफल

### कालोनी वासियों ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत हथवास की गोपेश्वर धामकालोनी 4 जुलाई की रात को चोरों के द्वारा 6घर में चोरी का प्रयास किया गया। कुछ मैं चोरी करने में सफलहुए कॉलोनी के द्वारा तत्काल मंगलवार थाने को सूचना दी गई थाना प्रभारी त्रिपाठी एवं उनकी टीम मौके पर पहुंचे और कॉलोनी वासियों से जानकारी ली तथा निरीक्षण किया।

उसके बाद भी कॉलोनी वासियों के द्वारा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एवंमंगलवारा थाना प्रभारी को एक आवेदन सोपा जिसमेंउनने बताया की कई घरों में ताला तोड़ने का प्रयास करने पर सफलता नहीं मिलीतो चोरों के दारा 25जुलाई को रात2से 3बजे के बीचोंबीच नासिर



शाह केघर की छत पर से अंदर घर मे प्रवेश दिया तो नासिर की पत्नी जाग रही थी।शोर मचाने पर भागे श्रीराम दुबे के यहां पर ताला तोड़ने का प्रयास किया ।

फिर महेंद्र भार्गव के सूने मकान में घुसकर एक मोबाइल ले गए । संस्कृति बेद पाठशाला का ताला तोड़नेका प्रयाकिया लेकिन आवाज सुनकर भागे। नासिर की पानी की मोटर योगेन्द्र की मोटरसाइकिल शिवशंकर दुबे के घर लाखों की चोरी करने में सफलहुए ।दीप्ति श्रीवास्तव के घर में भी चौरी की 6चोर कैमरे में कैद हुए है। कार्यवाही की मांग कीहै। विदित हो कि क्षेत्र में अक्सर चोरी की वारदाते बढ़ने लगी हैं जिससे आमजन परेशान हैं।

## नगर परिषद ने कराई हाईवे पर जमा कीचड़ व गंदगी की सफाई, लोगों ने कहा-स्थाई समाधान होना चाहिए




**सोहागपुर।** सोहागपुर के गौतम वार्ड में स्टेट हाईवे पर बरसाती पानी जमा होने की समस्या है। शनिवार शाम को सोहागपुर नपकर्मियों ने गंदगी हटाने का कार्य किया। लेकिन नागरिकों ने समस्या के स्थाई समाधान की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि कायाकल्प रोड निर्माण दौरान ठेकेदार द्वारा बरती गई लापरवाही का परिणाम है कि लंबे समय तक बरसात का पानी, मिट्टी एवं कीचड़ हाईवे पर जमा रहते हैं। जिससे लोगों को बहुत परेशानी होती है। गंदगी की बदबू से लोग परेशान होते हैं। जिसकी शिकायत गत दिनों व्यापारी देवेंद्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर भी की थी। इसके बाद सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, उपयंत्री बृजेश खानोरकर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल तथा उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी ने क्षेत्र का अवलोकन किया था। वहीं शनिवार को नपकर्मियों ने हाईवे किनारे स्थित शुभम फोटो स्टूडियो व हनुमान मंदिर के सामने तथा खेड़ापति मंदिर गौतम वार्ड के रास्ते से कीचड़ एवं गंदगी हटाई है। इसके बाद नागरिकों ने नप से आग्रह किया है कि समस्या का स्थाई समाधान करें। बार-बार मात्र गंदगी हटा देना ही समस्या का समाधान नहीं हो सकता है।

## सहकारी युवा संवाद कार्यक्रम में सम्मिलित हुई मढ़ई में कार्यरत महिलाकर्मी संगीता व गणेशा, सीएम ने की प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

अपेक्स बैंक सभागार भोपाल में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस शनिवार पांच जुलाई 2025 को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अध्यक्षता की। जिसमें मढ़ई क्षेत्र की दो महिलाकर्मियों ने सीएम से प्रत्यक्ष संवाद किया है।

सतपुड़ा टाईगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद ने बताया कि सहकारिता दिवस के इस आयोजन में विभिन्न सहकारी साख संस्थाओं के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। रिजर्व क्षेत्र से भी सहकारी युवा संवाद कार्यक्रम में सतपुड़ा वर्कर्स साख एवं कामगार सोसायटी नर्मदापुरम् के सदस्य सम्मिलित हुए। सभी सहकारी साख समितियों के कार्यकर्ताओं से मप्र के मुख्यमंत्री




डॉ. यादव ने सीधी बात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सतपुड़ा वर्कर्स साख एवं कामगार सोसाइटी नर्मदापुरम मढ़ई की वाहन चालक कुमारी संगीता एवं गाईड गणेशा से संवाद किया।

कुमारी संगीता एवं गणेश ने बड़ी ही बेबाकी से अपनी सोसाइटी के द्वारा कर्मचारियों के उत्थान बाबत किये जा रहे कार्यों का विवरण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि किस तरह से वन एवं वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ आदिवासी क्षेत्र के युवाओं के रोजगार के लिए उनकी समिति कार्य कर रही है।

संगीता एवं गणेशा ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे पर्यटकों के साथ मढ़ई के घने जंगलों में जाकर जिप्सी भी चलाती हैं और गाइड का कार्य भी करती हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा सुनियोजित तरीके से कामगार साख समिति के माध्यम से कार्य संपादित किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों ही महिलाकर्मियों की प्रशंसा की।

## सामाजिक अध्ययन विषय के शासकीय शिक्षकों को दिया जा रहा शिक्षण प्रशिक्षण




**सोहागपुर।** बीआरसी राकेश रघुवंशी के कार्यालय में दो दिनों से सामाजिक अध्ययन विषय के शासकीय शिक्षकों को शिक्षण प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण दो चरणों में संपन्न होगा। सोहागपुर विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अर्थात बीआरसी राकेश रघुवंशी व बीएससी मैथिली पटेल ने बताया कि प्रशिक्षण का पहला चरण चार व पांच जुलाई का है। जिसमें सामाजिक अध्ययन विषय के 30 शिक्षक शिक्षिकाएं प्रशिक्षु रूप में सम्मिलित हुए हैं। द्वितीय चरण साथ तथा आठ जुलाई को होगा और इसी के साथ विषय का प्रशिक्षण संपन्न होगा। मैथिली पटेल ने बताया कि 70 शिक्षक इस प्रशिक्षण में कक्षाओं में सामाजिक अध्ययन विषय के शिक्षण कार्य की पद्धति तथा विद्यार्थियों में सीखने की कला विकसित करने का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। ये सभी शिक्षक शिक्षिकाएं सोहागपुर ब्लॉक की शासकीय माध्यमिक शालाओं से प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए हैं। इन्हें मास्टर ट्रेनर्स शंकर पंद्राम तथा हरिराम कहार के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### खेत पर तार-फेंसिंग का आधा खर्च सरकार देगी

**हरदा।** फसलों को जंगली जानवरों से बचाने के लिए खेतों पर तार-फेंसिंग लगाने का आधा खर्चा राज्य सरकार वहन करेगी। अब राष्ट्रीय बागवानी एकीकृत विकास कार्यक्रम के तहत उद्यानकी फसल उगाने वाले कृषक अपने खेत के चारो ओर 5 तार व खम्भे की फेंसिंग लगवा सकते हैं। आयुक्त उद्यानिकी के अनुसार उद्यानकी फसलों में सब्जी, फल, फूल एवं मसालों की फसलों को जंगली जानवरों द्वारा क्षति पहुंचाई जाती है। इससे बचाव के लिये यह योजना लागू की गई है। विभाग द्वारा किसानों को तार-फेंसिंग लगाने में आने वाला खर्च का आधा (50 प्रतिशत) अनुदान प्रदान किया जाएगा। तार-फेंसिंग लगाने का खर्चा 300 रुपये प्रति रनिंग मीटर आता है, यानि एक हजार रनिंग मीटर का खर्चा तीन लाख रुपये है। इसमें डेढ़ लाख रुपये राज्य सरकार देगी तथा शेष डेढ़ लाख रूपये किसान वहन करेगा।

### विद्यालयों में गुरु पूर्णिमा पर दो दिवसीय उत्सव

**हरदा।** सभी विद्यालयों में 10 जुलाई गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के मौके पर 2 दिवसीय उत्सव का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन 9 और 10 जुलाई को होगा। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। निर्देश में कहा गया है कि पहले दिन 9 जुलाई को विद्यालय में प्रार्थना सभा के बाद शिक्षकों द्वारा गुरू पूर्णिमा के महत्व और पारंपरिक गुरू-शिष्य संस्कृति के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जायेगी। विद्यालय में प्राचीन काल में प्रचलित गुरूकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर बच्चों के बीच में निबंध लेखन प्रतियोगिता की जायेगी। विद्यालयों के प्राचार्यों से कहा गया है कि आयोजन के दौरान साधु-संतों, गुरूजनों, सेवानिवृत्त शिक्षकों, विद्यार्थियों और नागरिकों को आमंत्रित किया जाये।

### भारतीय मजदूर संघ परिचय वर्ग सम्मेलन आज

**हरदा।** मजदूरों ओर कर्मचारियों के लिए सदैव संघर्ष करने वाले भारतीय मजदूर संघ जिला हरदा का कार्यकर्ता परिचय वर्ग रविवार को दोपहर 2 बजे आयोजित किया जा रहा है। मुख्य वक्ता महेंद्र सिंह ठाकुर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रहेंगे । जिला सचिव प्रबल पंवार ने बताया कि रविवार को बलराम सभागृह कृषि उपज मंडी हरदा में कार्यकर्ता परिचय वर्ग आयोजित किया गया है। अध्यक्षता मुकेश धामन्दे जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, मुख्य अतिथि प्रदीप रिछारिया प्रदेश उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ, अतिथि जितेन्द्र सोनी विभाग प्रमुख नर्मदापुरम संभाग रहेंगे ।

### 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान शुरू

**हरदा।** 1 जुलाई से 30 सितम्बर तक 90 दिवसीय विशेष मध्यस्थता और सुलह अभियान का क्रियान्वयन नोडल अधिकारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तृप्ति शर्मा के मार्गदर्शन में किया जायेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने बताया कि अभियान के तहत न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य सभी प्रकार के सिविल प्रकरण एवं शमनीय आपराधिक प्रकरणों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से 16 प्रशिक्षित मध्यस्थों द्वारा सम्पूर्ण जिले में किया जावेगा। इस दौरान जिले के सभी न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने बताया कि मध्यस्थता प्रणाली पूर्णतः गोपनीय है। इससे विवाद का अविलम्ब शीघ्र समाधान होता है तथा समय की बचत होती है। मध्यस्थता प्रणाली से न्यायालयीन प्रक्रिया से राहत होती है तथा विवाद का हमेशा के लिए प्रभावी एवं सर्वमान्य समाधान होता है। उन्होने बताया कि मध्यस्थ वाले मामले में कोई अपील या संशोधन नहीं होता, विवाद का अंतिम रूप से निपटारा हो जाता है। मध्यस्थता में विवाद निपटाने पर, वादी कोर्ट फीस एक्ट 1870 की धारा- 18 के तहत पूरा न्यायालय शुल्क वापस लेने का हकदार होता है।

## संभाग स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता

# बैतूल को हराकर हरदा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में, सीहोर में 9 से आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



नेहरू स्टेडियम हरदा में संभाग स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हरदा बैतूल एवं नर्मदापुरम जिले की टीम ने भाग लिया। 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में फाइनल मुकाबला संस्कार विद्यापीठ हरदा एवं शासकीय मा.वि.टेमनी जिला बैतूल के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमों का स्कोर बराबर रहा। पेनल्टी शूटआउट में हरदा ने बैतूल को 5-4 से हराकर फाइनल मुकाबला जीता।

इसी प्रकार 17 वर्ष बालिका वर्ग में शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकारी जिला बैतूल ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा को 2-0 से हराकर मुकाबला जीता। इसी प्रकार 17 वर्ष बालक वर्ग में शासकीय बालक उ.मा. वि.पचमढ़ी ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा को 1-0 से मुकाबला जीता और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बालक वर्ग की सीहोर में 9 से 13 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। जिसमें नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं 17 वर्ष बालिका वर्ग में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हरदा में 11 से 14 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। जिसमें नर्मदापुरम संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर रामनिवास जाट राजेश बिलिया नीरेंद्र सेवारिक कृष्णा उइके इमरान खान अजय पुरबिया मनोज खोरे उपस्थित थे।

### मेधावी छात्रों का सम्मान आज

भुआणा प्रातीय गुर्जर सभा शिक्षा कोष समिति हरदा द्वारा आयोजित मेधावी छात्र सम्मान एवँ छात्रवृति वितरण कार्यक्रम रविवार दोपहर 12.30 बजे से गुर्जर छात्रावास हरदा मे रखा गया है। जिसमे दसवी एवँ बाहरवी मे 75 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित कर गुर्जर समाज का नाम आगे बढाया है। लगभग 300 बच्चों का सम्मान एवँ जरूरत मंद एवँ निर्धन गुर्जर समाज के बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप छात्रवृति का भी वितरण किया जावेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ आर के दोगने रहेगे एवँ समाज के सभी पूर्व अध्यक्ष विशेष अतिथि रहेगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष भुआणा सभा के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण दुगाया रहेगे।

## चयनित विद्यार्थियों की दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन

# इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में प्रतिभाओं ने बिखेरी अपने मॉडलों की चमक




हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा

इंस्पायर अवार्ड योजना के अंतर्गत वर्ष 2023-24 और 2024-25 के चयनित विद्यार्थियों की दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री सूरजकुंड कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थियों ने अपने-अपने आइडियाज के अनुसार वैज्ञानिक मॉडल तैयार कर प्रदर्शित किए। समापन अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए सभी मॉडल देखे और उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का है, ऐसे में विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से दूर रहते हुए पढ़ाई पर अधिक समय देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ अन्य ज्ञानवर्धक पुस्तकों का अध्ययन करने और इंटरनेट के माध्यम से प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी जुटाने की सलाह दी। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषयों पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। चयनित विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

### प्रदर्शनी और मॉडलों के बारे में जानकारी दी

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी, विद्यालय की प्राचार्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। शिक्षा अधिकारी ने बताया कि यह आयोजन विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार तथा लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के मार्गदर्शन में शुक्रवार और शनिवार को किया गया। उन्होंने प्रदर्शनी और विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया एवं आभार प्रदर्शन संगीता सोनवाने ने किया।

### ये विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

प्रदर्शनी व प्रतियोगिता में वर्ष 2023-24 के लिए प्रथम स्थान अनुज भमोरे, द्वितीय प्रज्ञा, तृतीय अनुज पाटीदार और चतुर्थ आर्यन बोरासी ने प्राप्त किया। वहीं वर्ष 2024-25 के लिए प्रथम स्थान देविका राजपूत, द्वितीय अनुश्री अनुरागी, तृतीय साहिल देवड़ा और चतुर्थ योगिता भालेराव को मिला। कार्यक्रम के दौरान ज्यूरी मेंबर के रूप में सुनील भास्कर, अविनाश दुबे और समीर दीक्षित उपस्थित रहे।

## एसपी जनसंवाद में बोले

# लोगों ने ठगी के तरीके बदले बचने का उपाय मात्र सावधानी



**हरदा।** साइबर ठग अब एआई तकनीक का इस्तेमाल कर लोगों को ब्लैकमेल कर रहे हैं। वे फोटो से छेड़छाड़ कर उसे आपत्तिजनक रूप में बदल देते हैं और फिर ब्लैकमेल करने लगते हैं। ये बात हरदा एसपी अभिनव चौकसे ने शनिवार को ग्राम कुकरावद में जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कही। एसपी ने बताया कि ज्यादातर फ्रॉड किसी लिंक पर क्लिक करने या संदिग्ध एप डाउनलोड करने से होते हैं। फाइल जैसे एप डाउनलोड करते ही हैकर को फोन का पूरा कंट्रोल मिल जाता है, यहां तक कि ओटीपी भी उसके पास चला जाता है। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी अब डठड जैसे बैंकिंग एप को हैक कर खातों से लोन भी निकाल रहे हैं। सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव एसपी चौकसे ने ग्रामीणों से कहा कि साइबर क्राइम से बचने का एक ही तरीका है, सतर्क और जागरूक रहना। उन्होंने बताया कि पुलिस जनसंवाद कार्यक्रमों के जरिए लोगों तक पहुंच रही है ताकि वो साइबर फ्रॉड, सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर सतर्क रहें।एसपी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।

### योजना की जानकारी भी दी

कार्यक्रम में थाना प्रभारी एसएस चौहान और हेड कांस्टेबल महेश शर्मा ने लोगों को सड़क सुरक्षा, हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों की जानकारी दी। एसपी ने राहवीर योजना की जानकारी भी दी। इस योजना के तहत सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मदद करने पर 25,000 तक का इनाम दिया जाता है।

## छात्रा के गांव का ही रहने वाला है

# कॉलेज छात्रा के साथ युवक ने किया दुष्कर्म, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा




जिले में एक बार फिर शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। एक 19 वर्षीय कॉलेज छात्रा के साथ उसके परिचित युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 28 जून की है। पुलिस के अनुसार पीड़िता बैतूल जिले की रहने वाली है और खंडवा के एक सरकारी कॉलेज में सेकंड ईयर की छात्रा है। वह छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही थी। आरोपी राजेश पिता मनोहरी मस्कोले उसी गांव और मोहल्ले का रहने वाला है जहां पीड़िता का परिवार रहता है। दोनों के परिवार पहले से एक-दूसरे को जानते थे। आरोपी राजेश किसी काम से खंडवा आया था। उसने पीड़िता का मोबाइल नंबर सोशल मीडिया ग्रुप से निकाला और संपर्क किया। इसके बाद वह मिलने की बात कहकर पीड़िता को नागचून पार्क की तरफ ले गया। पार्क के आगे एक सुनसान रास्ते पर ले जाकर आरोपी ने जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी, जिससे वह डर गई। घटना के बाद पीड़िता अपने गांव लौट गई और माता-पिता को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद वह खंडवा वापस आई और थाने में शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## जिला अस्पताल और निजी अस्पताल ले जाया गया

# पंचायत सचिव ने खाया जहरीला पदार्थ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया

**हरदा।** टिमरनी तहसील की ग्राम पंचायत गाड़ामोड़ के सचिव बेनीप्रसाद वर्मा (58) ने शनिवार दोपहर कथित रूप से सल्फॉस खा ली। सचिव की मौत हो गई। पहले हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल और निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वर्मा हाल ही में गाड़ामोड़ से हंडिया तहसील की ग्राम पंचायत साल्याखेड़ी में स्थानांतरित हुए थे। बताया जा रहा है कि वे कार्यस्थल पर मानसिक दबाव और अधिकारियों के सहयोग न मिलने से परेशान थे। परिजनों के अनुसार शनिवार सुबह वे करताना गांव गए थे, जहां से कीटनाशक खरीदने के बाद रास्ते में एक खेत में 20 ग्राम सल्फॉस पानी के साथ पी लिया। घर लौटकर उन्होंने खुद ही परिजनों को जहर पीने की बात बताई। शुरू में परिजन इसे मजाक समझे, लेकिन उल्टियां शुरू होने पर स्थिति की गंभीरता समझते हुए तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान वर्मा ने अपने पुराने और वर्तमान सहायक सचिवों पर ऑडिट में सहयोग न करने और धमकाने के आरोप लगाए। भोपाल रेफर किए जाने से पहले उन्हें हरदा के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। वर्मा अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियां छोड़ गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही नायब तहसीलदार अस्पताल पहुंचे, लेकिन तब तक वर्मा बयान देने की स्थिति में नहीं थे।

# जनजातीय स्वसहायता समूह के उत्पादों को मार्केटिंग उपलब्ध कराने का प्रयास

## जनजातीय शिल्पकार नामिका मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन संघ मर्यादित, जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार तथा ट्राइफेड क्षेत्रीय कार्यालय मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जिले के जनजातीय स्वसहायता समूह के द्वारा उत्पादित उत्पादों के बेहतर मार्केटिंग उपलब्ध करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में एक दिवसीय शिल्पकार नामिका मेले का आयोजन किया गया। जिला परियोजना प्रबन्धक ग्रामीण आजीविका मिशन रामनिवास कालेश्वर ने बताया कि मेले में जिले के 16 समूह द्वारा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। मेले का शुभारम्भ जिला पंचायत के उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत ने किया। इस अवसर पर उन्होने उपस्थित समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार समूह के उत्पादों की मार्केटिंग के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मेले में क्षेत्रीय प्रबंधक ट्राइफेड भोपाल ओम प्रकाश एवं उनकी टीम, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रवीण कुमार इवने उपस्थित रहे।

## बिटिया जन्म से ही कमजोर थी

# खुशियां लौट आईः पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती एकांक्षी अब स्वस्थ



**खंडवा।** विकासखंड खालवा के ग्राम पटाल्दा निवासी दिव्या भारती और संजू की 18 माह की पुत्री एकांक्षी जन्म से ही कमजोर थी और भोजन भी बहुत कम ग्रहण करती थी। उसकी कमजोरी और कुपोषण की स्थिति को देखते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने दिव्या भारती को सुझाव दिया कि वह अपनी पुत्री को ग्राम रोशनी स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी) में भर्ती कराएं, जहां बच्ची की बेहतर देखभाल संभव होगी। प्रारंभ में दिव्या ने मना कर दिया, लेकिन दो-तीन बार समझाइश देने के बाद वह तैयार हो गई और अपनी बेटी को एनआरसी रोशनी में भर्ती कराया। केन्द्र में चिकित्सकों द्वारा किए गए स्वास्थ्य परीक्षण में एकांक्षी का वजन मात्र 7.165 किलोग्राम पाया गया। इसके बाद चिकित्सक और स्टाफ ने निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उसका उपचार और पोषण आहार प्रारंभ किया।

### 1 किलोग्राम बढ़ गया वजन

एनआरसी में एकांक्षी को 14 दिन तक भर्ती रखकर देखभाल की गई। उपचार अवधि पूरी होने पर, 4 जुलाई शुक्रवार को किए गए पुनः परीक्षण में उसका वजन लगभग 1 किलोग्राम बढ़ा पाया। अब एकांक्षी सामान्य बच्चों की तरह पोषण आहार ले रही है और पूरी तरह स्वस्थ है। दिव्या भारती को 14 दिन की मजदूरी राशि भी प्रदान की गई है। साथ ही, पोषण प्रशिक्षक द्वारा दिव्या को घर पर ही उपलब्ध खाद्य सामग्री से पोषणयुक्त आहार बनाने की विधियां भी सिखाई गई हैं।

## डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक

# मोहर्रम व गुरुपूर्णिमा को पर फ्लैग मार्च के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ खंडवा




मोहर्रम एवं गुरुपूर्णिमा त्योहार को लेकर 5 जुलाई को पुलिस कंट्रोल रूम खंडवा में निमाड़ रेंज खरगोन के डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान खंडवा जिले के राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए विस्तृत चर्चा की गई। डीआईजी ने मोहर्रम के दौरान जुलूस मार्गों पर सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त बल तैनात करने, रात्रि गश्त और प्रभात गश्त को सघन करने, तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी थाना प्रभारियों को सतर्क रहने को कहा गया। उन्होंने आयोजकों से समन्वय कर कार्य करने और ताजिया विसर्जन घाट पर गोताखोरों की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। जुलूस में आपत्तिजनक नारे या झंडे न चलें, इस पर निगरानी रखने के निर्देश देते हुए डीआईजी ने अफवाह फैलाने वालों व सौहार्द बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही। सोशल मीडिया पर निगरानी बढ़ाने और इंटेलिजेंस तंत्र को सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही हाई राइज बिल्डिंग पर बल तैनात करने और मार्गों पर बैरिकेडिंग के निर्देश भी दिए।

### पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में किया पौधरोपण

डीआईजी ने यातायात व्यवस्था के सुचारु संचालन के लिए प्रमुख बाहरी स्थानों पर नाकेबंदी करने और बिजली विभाग व नगर निगम के सहयोग से जुलूस मार्ग पर वायरिंग, सफाई और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। रक्षित निरीक्षक व सभी थाना प्रभारियों को एंटी रायट सामग्री, बरसाती, टॉर्च आदि रखने के निर्देश भी दिए गए। हरियाली महोत्सव के अंतर्गत पुलिस कंट्रोल रूम परिसर में पौधरोपण किया गया। इसके पश्चात खंडवा शहर के प्रमुख संवेदनशील स्थलों से फ्लैग मार्च निकाला गया जो कंट्रोल रूम से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, तीन पुलिया, बड़ा बम, इमलीपुरा, शिवाजी चौक, आमिर मेडिकल, शेर तिराहा, जलेबी चौक, जय अंबे चौक, मानसिंह तिराहा, पंधाना रोड होते हुए आबना नदी के किनारे स्थित कर्बला कुंड तक पहुंचा। इसके बाद फ्लैग मार्च कर्बला से मानसिंह तिराहा, भगतसिंह चौक, कहारवाड़ी चौक, टपाल चाल होते हुए कंट्रोल रूम में समाप्त हुआ। डीआईजी ने कर्बला कुंड का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन ने जिले के नागरिकों, धर्मगुरुओं और आयोजकों से सहयोग की अपील करते हुए आश्वस्त किया है।